## इस बार 370 करोड़ रुपए महंगी होंगी दुकानें

# 1350 करोड़ में बिकेगी इंदौर की देसी-विदेशी शराब दुकानें, ड्यूटी घटने से अवैध शराब पर कसेगा शिकंजा

**इंदौर।** मप्र सरकार की नई आबकारी नीति में जहां घर पर बार खोलने और शराब रखने की सीमा बढ़ाई, वहीं देशी शराब की दुकानों पर विदेशी शराब बेचने की अनुमति भी दी गई है। इंदौर में 106 देशी शराब की दुकानों पर अब 1 अप्रैल से विदेशी शराब भी बिकने लगेगी। इंदौर में पहले से ही 69 विदेशी शराब की दुकानें हैं। सरकार ने इंदौर की इन सभी 175 शराब की दुकानों के लिए अगले वित्त वर्ष का 1350 करोड़ रुपए मूल्य तय किया है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 370 करोड़ अधिक का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। इंदौर जिले के उपायुक्त आबकारी राजनारायण सोनी के मुताबिक पिछले साल 10 माह के लिए 980 करोड़ का ठेका शराब दुकानों का दिया गया, उससे करीब 980 करोड़ रुपए की आय हुई थी। 12 महीने के हिसाब से गणना करें तो यह ठेका 1130 करोड़ का होता है। सरकार ने देशी शराब की दुकानों पर 25 फीसदी और विदेशी दुकानों पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी की है। उसके चलते आगामी वित्त वर्ष का इंदौर जिले की शराब दुकानों का आरक्षित मूल्य 1350 करोड़ रुपए तय किया गया है। शासन की नई आबकारी नीति के तहत जो दिशा-निर्देश मुख्यालय से मिलेंगे उसी के मुताबिक ठेका देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### अवैध शराब की बिक्री घटाने घटाई ड्यूटी

सोनी ने बताया कि नई आबकारी नीति की अलग-अलग तरह से समीक्षा की जा रही है। सरकार ने शराब पर ड्यूटी घटाई है।



ड्यूटी घटाने से देशी और विदेशी शराब की कीमत में 15 से 20 फीसदी की कमी आएगी और इसके पीछे तर्क दिया गया है कि अवैध शराब की बिक्री घटेगी।

### पिछले साल सिंडिकेट के दौरान गैंगवार में हुई थी फायरिग

वर्ष 2021 में इंदौर के विजयनगर में शराब ठेकेदार अर्जुन ठाकुर पर सिंडिकेट के चलते ही फायरिंग हुई थी। जिसमें यह सामने आया था कि गोलीकांड का मकसद छोटे ठेकेदारों को डराना था, ताकि वे डर जाएं और अपना हिस्सा न मांगें। इंदौर में छोटे-बड़े 32 ठेकेदारों ने मिलकर 980 करोड़ में शराब दुकानों का ठेका लिया था। इसमें 30% हिस्सा छोटे ठेकेदारों का है। बड़े ठेकेदार मुनाफा नहीं देना चाहते हैं, इसलिए सिंडिकेट पर कब्जा करने के लिए गैंगवार की स्थिति बनी थी।


## स्पा सेंटर, ब्यूटी पार्लर के स्टाफ की जानकारी देना होगी इंदौर के थानों पर

**इंदौर।** शहर में लगातार कई स्पा सेंटरों की आड़ में देह व्यापार जे बड़े अड्डे पकड़ाने के बाद इंदौर कमिश्नर ने नए आदेश जारी किये हैं। उन्होंने कहा है कि स्पा सेंटर, ब्यूटी पार्लर को अपने यहां काम करने वाले स्टाफ की जानकारी थानों पर देना होगी। कुछ दिनों पहले शहर के विजय नगर थाने में एक स्पा सेंटर छापे में थाईलेंड की युवतियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद अब धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र द्वारा जारी किए जा रहे हैं। बुधवार उन्होंने तीन अलग-अलग आदेश जारी कर कई प्रतिबंध लगाए, जिनमें मकान, दुकान किराए पर देने से पहले संबंधित थानों में जानकारी देने, पेइंग गेस्ट की सूचना अनिवार्य करने के साथ स्पा सेंटर, ब्यूटी पार्लर में काम करने वाले स्टाफ की जानकारी भी आईडी प्रूफ के साथ थानों में देना होगी। धारा 144 के तहत जारी एक प्रतिबंधात्मक आदेश में राजनीतिक दल, धार्मिक और सामाजिक संगठनों पर भी बिना सूचना और अनुमति के धरने, प्रदर्शन, रैली सभाओं पर रोक लगाई गई है।

## डीपी आभूषण ने मजबूत परिणामों एवं नये शोरूम की घोषणा की

**मुंबई।** डीपी आभूषण लिमिटेड (NSE - DPABHUSHAN) ने 31 दिसंबर 2021 को समाप्त तीसरी तिमाही में, (पिछले वित्त वर्ष 20 -21 की तीसरी तिमाही की तुलना में) एकीकृत आय में 61% और कर के बाद अपने शुद्ध लाभ में 81% की वृद्धि कि है। त्योहारो और शादीयो के कारण कंपनी ने Q3 FY21-22 में मजबूत मांग देखी है। देश के 256 जिलों में सोने के आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग से संगठित आभूषण कंपनियों को लाभ हुआ है और कंपनी सभी पहलुओं में एचयूआईडी के साथ 100% अनुपालन करती है। कंपनी का नौ महीने का समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2021 के कुल समेकित राजस्व 1218.28 करोड़ रु. को पार कर गया है, और प्रबंधन को वित्त वर्ष 21-22 की चौथी तिमाही में और भी अच्छे परिणामो की उम्मीद है। कंपनी ने गुरुवार 20 जनवरी 2022 को अपने तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के लिए राजस्व 668 करोड़ रु. रहा, जो कि दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए 414 करोड़ रु. था। दिसंबर 2021 को समाप्त नो माही के लिए राजस्व 1291.71 करोड़ रु. रहा, जो कि दिसंबर 2020 को समाप्त नो माही के लिए 628 करोड़ रु. था। दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ 15.78 करोड़ रु. रहा, जो कि दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए 8.72 करोड़ रु. था। मध्य प्रदेश के रतलाम, इंदौर, भोपाल और उज्जैन और राजस्थान राज्य के उदयपुर, भीलवाड़ा और कोटा में कंपनी के कुल सात शो रूम मौजूद हैं और 22 जनवरी को अपना आठवां शोरूम राजस्थान के बांसवाड़ा शहर में खोलने जा रही है।

**पितृ पर्वत ...**



**इंदौर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला पितृपर्वत पहुंचे। इस अवसर पर साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला, सांसद शंकर लालवानी भी हैं। फोटो: गोपाल वर्मा।



## स्वर्ण आभूषण से होगा गणेशजी का श्रृंगार 51,000 लड्डुओं का लगेगा भोग

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर में इस बार कोरोना महामारी के चलते भले ही तिल चतुर्थी मेला नहीं लग रहा लेकिन प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भगवान गणेश को तिल-गुड़ के 51 हजार लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। भोग के लिए मंदिर परिसर में ही लड्डुओं का निर्माण किया जा रहा है। यह दूसरा वर्ष है जब मंदिर में तिल चतुर्थी मेला आयोजित नहीं हो रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रकाश दुबे ने बताया कि 21 जनवरी की सुबह 10.30 बजे कलेक्टर मनीष सिंह द्वारा पूजा की जाएगी जिसमें इन लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा।

इस दिन श्रीगणेश, रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ को मोती जड़ित वस्त्र पहनाए जाएंगे और स्वर्ण आभूषणों से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को भी विशेष रूप से सजाया जाएगा। मंदिर में तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जिसकी शुरूआत 21 जनवरी से ही होगी। 23 जनवरी तक रात 8 बजे से भजन संध्या होगी। कोरोना गाइडलाइन का पालन कराएंगे - मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि पहले मेले में फूड स्टाल, झूले आदि लगा करते थे, जो इस बार कोरोना गाइडलाइन के चलते नहीं लगेंगे। मंदिर में दर्शन के दौरान भी भक्तों को प्रोटोकाल का पालन करना होगा। बिना मास्क लगाए मंदिर में प्रवेश करने वाले भक्तों को रोका जाएगा।

**एक नजर आंकड़ों पर**

- 51 हजार लड्डू बनाए जा रहे हैं।
- 16 जनवरी से बनने शुरू हुए लड्डू।
- 40 रसोइए लगे लड्डू बनाने में।
- 451 किलो तिल्ली का हो रहा इस्तेमाल।
- 200 किलो मूंगफली के दाने इसमें डाले जा रहे हैं।
- 400 किलो गुड़ से लड्डू में घुलेगी मिठास।

## गणेश भक्त ने इंदौर खजराना गणेश मंदिर में दान की 5किग्रा चांदी

**इंदौर।** इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश के चांदी के सिंहासन के लिए भक्त चांदी का दान कर रहे हैं। गुरुवार को भी एक भक्त ने मंदिर को 5 किलो 26 ग्राम चांदी दान की है। इस चांदी का इस्तेमाल चांदी का सिंहासन तैयार करने में होगा। खजराना गणेश मंदिर में भगवान का पुराना बना सिंहासन खराब होने के बाद मंदिर प्रबंधन समिति चांदी का सिंहासन तैयार करा रहा है। 62 किलो चांदी से तैयार होकर सिंहासन का एक हिस्सा तो जयपुर से इंदौर आ चुका है। शेष सिंहासन तैयार हो रहा है। इस सिंहासन को तैयार करने में करीब 150 किलो चांदी लग सकती है। इसके लिए गणेश भक्त चांदी दान कर रहे हैं।



## लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) के उपयंत्री निलम्बित

**उज्जैन।** कलेक्टर आशीष सिंह ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू के उपयंत्री विनोद त्रिपाठी को शासकीय कन्या उमावि इंदिरा नगर के भवन निर्माण की निम्न गुणवत्ता एवं फिनिशिंग वर्क पूर्ण नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री भवन तथा पथ उज्जैन नियत किया गया है। कलेक्टर ने 19 जनवरी को शासकीय कन्या उमावि इंदिरा नगर का निरीक्षण किया था तथा निरीक्षण के दौरान पाया कि उक्त भवन की गुणवत्ता अत्यन्त निम्न स्तर की है तथा फिनिशिंग वर्क भी पूर्ण नहीं है, जबकि उक्त कार्य 31 मार्च 2017 को ही पूर्ण होना था।

## अस्पताल में फिल्म शूटिंग के दौरान परिजनों को मरीजों से दूर रखा

**इंदौर।** इंदौर में फिल्म लुकाछुपी-2 की शूटिंग के बाद गुमाश्ता नगर के अरिहंत हॉस्पिटल में विवाद हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि हमें अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने नहीं दिया गया। विवाद बढ़ा तो अस्पताल प्रबंधन को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रबंधन ने कहा ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली खान अभिनय कर रहे हैं। गुमाश्ता नगर में लुकाछुपी-2 को लेकर लोकेशन तैयार की गई थी। शूटिंग अरिहंत अस्पताल में होनी थी। दो मंजिलों पर विक्की कौशल और सारा अली खान के साथ प्रोडक्शन की टीम मौजूद थी। सुबह जब अस्पताल में मरीजों के परिजन चाय-नाश्ता लेकर पहुंचे तो बाउंसरों ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद यहां हंगामा हो गया। अस्पताल में भर्ती अर्चना गुप्ता के पति ओमप्रकाश ने बातचीत में बताया कि उन्हें सुबह नीचे जाना था, लेकिन किसी ने जाने नहीं दिया। उन्हें बताया गया कि फिल्म की शूटिंग के बीच किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं है। इसी के साथ अन्य आने-जाने वाले लोगों को भी ऊपर नहीं जाने दिया जा रहा था। जब उन्होंने हंगामा किया तो प्रोडक्शन विभाग के लोगों ने आकर माफी मांगी।

### किसी को नहीं रोका, शूटिंग की जगह भी अलग

इस मामले में अस्पताल प्रबंधन के अतित बगलानी ने बताया कि किसी भी मरीज और परिजनों को आने-जाने से नहीं रोका गया है। शूटिंग अस्पताल के पीछे की तरफ की जा रही है। वहीं से टीम का आना-जाना था। जिसमें सिक्योरिटी के तौर पर अस्पताल के सभी गेट पर गार्ड और बाउंसर को खड़ा किया गया है।

### क्रिश्चियन कॉलेज में भी हुआ था हंगामा

मंगलवार को क्रिश्चियन कॉलेज में भी शूटिंग के दौरान हंगामा हो गया था। वहां छात्रों ने परीक्षा में बाधा होना बताकर हंगामा किया था। इस वजह से कॉलेज स्टूडेंट्स की परीक्षा भी आधे घंटे देरी से शुरू हुई थी। इस मामले में अब DAVV ने कॉलेज प्रबंधन को नोटिस दिया है।

## ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मकड़जाल में बिल्कुल न पड़े, मिनटों में खाते से निकल गए ढाई लाख रुपए

**इंदौर।** हॉगकांग से संचालित हो रहे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जाल में फंसकर जिले के पुलिसकर्मी ने ढाई लाख रुपए गंवा दिए। राज्य साइबर सेल इंदौर के एसपी जितेंद्र सिंह ने बताया, आरक्षक ने दिसंबर 2021 में ठगी की शिकायत की थी। उन्होंने होम डॉट लककूल डॉट इन वेबसाइट से ऐप डाउनलोड की थी। गेम खेलने के दौरान चार माह में उनके खाते से ढाई लाख रुपए कटते गए। इसके बाद ऐप की आइडी पर फरियादी को 11.29 लाख रुपए जीतने की बात डिस्प्ले होने लगी। जब फरियादी ने जीती हुई राशि को खाते में ट्रांसफर करने का प्रयास किया तो आइडी सस्पेंड हो गई और मोबाइल का डिस्प्ले चला गया। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की। पुलिस ने पेमेंट गेटवे से संपर्क कर ढाई लाख रुपए वापस करवाए। एसपी सिंह ने बताया, इंटरनेट पर बड़ी संख्या में ऑनलाइन गेमिंग ऐप मौजूद हैं। इनसे आकर्षित होकर यूजर्स इनमें रुपए ट्रांसफर करने लगते हैं।

### लत से हो सकता है नुकसान

एसपी सिंह ने बताया, इंटरनेट पर बड़ी संख्या में ऑनलाइन गेमिंग ऐप मौजूद हैं। इनसे आकर्षित होकर यूजर्स इनमें रुपए ट्रांसफर करने लगते हैं। गेम के दौरान रुपए जीतने पर यूजर्स का उत्साह बढ़ने लगता है। सिंह ने बताया, इंटरनेट पर खरीदी-बिक्री यानी ई-कॉमर्स किसी पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही होता है। ऑनलाइन व्यवसाय के लिए पेमेंट गेटवे लेना अनिवार्य होता है। टीम ने फरियादी के मामले में पेमेंट गेटवे को मेल कर उनके खातों से गई राशि को रिकवर किया है।

## ब्रह्माकुमारीज के प्रयास देश को एक नई ऊर्जा और शक्ति देंगे: मोदी


**आबू रोड, राजस्थान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज संस्था के आबू रोड स्थित शांतिवन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। साथ ही सात अभियानों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयासों से देश को एक नई ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। त्याग और कत्र्तव्य भाव से करोड़ों देशवासी आज स्वर्णिम भारत की नींव रख रहे हैं। राष्ट्र की प्रगति से ही हमारी प्रगति है। यही भाव एक ताकत बन रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास देश का मूलमंत्र बन रहा है। हम ऐसी व्यवस्था बना रहे है जिसमें भेदभाव की जगह ना हो।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान का प्रभाव पूरे विश्व में है। मुझे उम्मीद है आने वाले समय में इस अभियान में एक नयी उर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्वर्णिम भारत के लिए भावना भी है और साधना भी है। इसमें देश के लिए प्रेरणा भी है और ब्रह्माकुमारियों के प्रयास भी हैं। मैं देश के संकल्पों के साथ, देश के सपनों के साथ निरंतर जुड़े रहने के लिए ब्रह्माकुमारी परिवार का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं। जब संकल्प के साथ साधना जुड़ जाती है, जब मानवमात्र के साथ हमारा ममभाव जुड़ जाता है।

## अब 245 कोरोना मरीज अस्पतालों में एडमिट

# 18 पेशेंट्स ICU में, छोटे-छोटे बच्चे भी पॉजिटिव

**इंदौर।** शहर में दो दिनों से 2 हजार से ज्यादा नए संक्रमित पेशेंट्स मिल रहे हैं। मंगलवार को जो 2047 नए पेशेंट्स मिले हैं उनमें से 98 तो बच्चे (1 वर्ष से 18 वर्ष के बीच) हैं। ऐसे ही अभी 245 मरीज (1.83%) सरकारी MRTB व अन्य प्राइवेट अस्पतालों में एडमिट हैं और इनमें से भी 18 मरीज ICU में हैं।



इधर बुधवार को भी 3005 नए संक्रमित पेशेंट्स मिले हैं। इसके पूर्व मंगलवार को 2047 पेशेंट्स मिले थे यानी 24 घंटे में 3005 नए मिले हैं, जबकि 15751 एक्टिव केस हैं। इंदौर की संक्रमण दर बुधवार को 23.89 % हो गई है। अभी भी अस्पताल में एडमिट पेशेंट्स 2% से कम हैं लेकिन 18 मरीजों के ICU में होने का मामला चिंताजनक है। इन दिनों जितने भी पेशेंट्स ICU में एडमिट हो रहे हैं, उनकी उम्र 50 वर्ष से ज्यादा है, उन्हें अन्य बीमारियां भी हैं। तीसरी लहर में जो 7 मौतें हुई हैं, उनमें सभी कोमॉर्बिड (दूसरी बीमारियां) भी थीं। सीएमएचओ डॉ. बीएस सेत्या ने बताया कि लोगों को चाहिए कि वे कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें और इसमें मास्क का आवश्यक रूप से पालन करें। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों के 50 से ज्यादा डॉक्टर्स, नर्सेस व पैरामेडिकल स्टाफ पॉजिटिव हुए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तीसरी लहर में अब तक टल्ह, MRTB, पीसी सेठी अस्पताल, बीमा अस्पताल, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक, मल्हारगंज, एमजीएम मेडिकल कॉलेज तथा प्राइवेट अस्पतालों में अब तक 50 से ज्यादा मेडिकल स्टाफ संक्रमित हो चुका है।

## इंदौर में दिन व रात के तापमान में हुई हल्की बढ़ोतरी

**इंदौर।** पिछले दो दिनों से हवाओं का रूख बदलने के कारण दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग महेश्वर जिला खरगोन**

ई-मेल eeres.maheshwar@gmail.com

क्रमांक/63/वलेलि/ग्रायांसेवा/2022 महेश्वर, दिनांक 14/01/2022

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/2021-22**

मध्यप्रदेश के राज्यपा की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महेश्वर, के 04 निर्माण कार्य सिस्टम टेण्डन नं. 2022_RES_179383_1, 2022_RES_179386_1, 2022_RES_179387_1,2022_RES_179388_1 हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 04.01.2019 से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 29.01.2022 समय 17.30 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र एवं ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.01. 2022 समय 17.30 बजे तक निर्धारित हैं। वित्तीय ऑफर दिनांक 02.02.2022 को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महेश्वर के कार्यालय में खोले जावेंगे।

नोट:- निविदा संबंधि जानकारी के लिये मो. नं. 7898525087 पर संपर्क किया जाकता है।

जी-21677

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग महेश्वर


प्रदेश टुडे के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक *हृदयेश दीक्षित* ने डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं.- 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर म.प्र. से मुद्रित करवाकर और बालाराव इंगले परिसर, एमटीएच कंपाउंड, इंदौर प्रेस क्लब, एमजी रोड, इंदौर म.प्र. से प्रकाशित किया। *संपादक - देवेश कल्याणी** *स्टेट हेड-सुनील शर्मा*
आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2010/38523, फोन नं.0731-4987731 डाक पंजीयन MP/IDC/1571/2018-2020 Email-editor@pradeshtoday.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।



इंदौर, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, कटनी, छिंदवाड़ा, सीधी, उमरिया, छतरपुर, शिवपुरी, छग, उप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं नई दिल्ली से प्रकाशित
www.pradeshtoday.com

पूरा सच, बेहिचक
# प्रदेश टुडे

इंदौर
शुक्रवार
21 जनवरी 2022
वर्ष: 12, अंक: 24
कुल पृष्ठ-12
मूल्य: ₹ 2.00

**पेट्रोलियम टुडे**
पेट्रोल: 107.21 डीजल: 90.86

**मौसम टुडे**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 26.0 | 11.0 |
| ग्वालियर | 19.3 | 10.0 |
| इंदौर | 27.2 | 13.0 |
| जबलपुर | 25.1 | 13.0 |

**रेट्स टुडे**

| | |
|---|---|
| डॉलर | 74.35 |
| यूरो | 84.40 |
| सेंसेक्स | 59464.62 |
| निफ्टी | 17757.00 |
| सोना 24 के. | 52,800/10 ग्रा. |
| चांदी पाट | 66,300/1 किग्रा. |

(सोना-चांदी रेट जीएसटी सहित)



08. 'एनिमल' में काम करती नजर...

## कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस: तीन मसलों पर CM का फोकस, अफसरों को फटकार

### जहरीली शराब: भिंड एसपी से पूछा लापरवाही क्यों

भिंड जिले में जहरीली शराब से होने वाली मौतों पर एसपी से कहा जो यह कर रहे हैं, वह नर पिशाच हैं। मैं भिंड एसपी से पूछना चाहता हूं कि यह लापरवाही क्यों हुई? थाने वाले मिल-जुलकर कर रहे होंगे? सीएम ने यहां तक कहा कि ऐसा हो नहीं सकता कि यह हो रहा है हो और थाने को पता न हो। एडीजी चंबल से पूछा कि आप क्या कर रहे थे, घटना कैसे हुई? उन्होंने कहा कि इसमें जीरो टॉलरेंस है, मै छोड़ूंगा नहीं किसी को। बहुत गंभीर कार्यवाही होनी चाहिए, यह एक के बाद एक श्रृंखला जैसी हो गई है, कोई कितना भी प्रभावी हो उन्हें क्रश करना है।

### राशन वितरण में गड़बड़ी पर भी नाराजगी

सीएम चौहान ने जिलों में राशन वितरण में गड़बड़ी पर कलेक्टरों से नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 7 तारीख को फिर से अन्न उत्सव का कार्यक्रम होगा, जैसा पहले किया था वैसा ही होगा। इसमें जनता से हम फीडबैक लेंगे। इसमें जनता की राय भी लेंगे। कह रहा हूँ कि यदि लापरवाही हुई तो बर्दाश्त नहीं होगा। कार्यक्रम का प्रभारी कोई एक अधिकारी होगा और विधायकों, सांसदों से भी कहेंगे, मैं भी जाउंगा। 25000 दुकानों पर यह कार्यक्रम होगा। दो तरह का अनाज दिया जाना है और शिकायतें मिली हैं कि एक तरह का ही दिया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वैक्सीनेशन: देवास कलेक्टर से हुए नाराज

वैक्सीनेशन की रिपोर्ट में देवास जिला प्रशासन द्वारा 15-17 आयु वर्ग के वैक्सीनेशन का कार्य सही ढंग से न करा पाने पर कहा बार-बार बात करने के बाद भी कुछ जगह बहुत कम मात्रा में आईसीयू बेड्स अक्रियाशील हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे जिलों में बड़वानी, डिंडौरी, सतना, शाजापुर, रायसेन के नाम हैं। उन्होंने कहा कि बड़वानी में आईसीयू/एचडीयू बेड्स के कॉन्ट्रैक्टर अशोक सिंह के खिलाफ एक्शन लें, उसे ब्लैकलिस्ट करें। यह आपराधिक लापरवाही है, उसका पेमेंट रोकें। अगर यह लहर भयानक होती, तो कौन जिम्मेदारी लेता? शाजापुर के कॉन्ट्रैक्टर को भी ब्लैकलिस्ट करें।

# गंभीर अपराध में सजा कम क्यों? जो करना हो कीजिए... सजा होनी चाहिए

**भोपाल, ब्यूरो।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड में जहरीली शराब से मौतें होने पर एसपी से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि इस मामले में गंभीर कार्यवाही होना चाहिए। कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में सीएम चौहान ने चिन्हित अपराधों पर सजा कम होने पर इंदौर पुलिस कमिश्नर और मुरैना एसपी से भी नाराजगी जताई। अपराध पर एक्शन के मामले में कार्यवाही की समीक्षा के दौरान चिन्हित अपराधों में कम सजा होने पर सीएम चौहान मुरैना, इंदौर एसपी के जवाब से असंतुष्ट हुए। उन्होंने मुरैना एसपी से पूछा कि सिर्फ 11.11% को ही सजा क्यों हुई? जब उन्होंने जवाब में कुछ और बातें बताईं तो नाराज सीएम ने कहा कि जो पूछा जाए वही बताइए, इतनी कम सजा क्यों हुई, ये बताइए। इसी तरह इंदौर पुलिस कमिश्नर से कहा कि चिन्हित अपराधों में सजा न हो पाना हमारी विफलता है। आपका जवाब संतोषजनक नहीं है, इसे सभी पूरी गंभीरता से लें। चिन्हित अपराधों में 100 प्रतिशत सजा होनी चाहिए। सारे जिले आपस में समन्वय बनाकर काम करें, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न हो। सीएम चौहान ने एसपी रीवा से पूछा कि चिन्हित अपराधों में सजा को लेकर होने वाली बैठकों की जानकारी क्यों नहीं दी? यह और भी गंभीर है। मै सबको कह रहा हूँ कि हम जो भी काम कर रहे हैं, उसे व्यवस्थित करें। पोर्टल पर उसकी बराबर जानकारी दें। अब सुन लीजिए कि चिन्हित अपराधों में सजा मस्ट है, जो करना है, वो कीजिये. अपराधियों की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी विवेक जौहरी।

### कलेक्टरों को निर्देश

- समय सीमा बैठक में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की नियमित समीक्षा करें।
- लंबित प्रशासनिक मुद्दों का निराकरण करें।
- रोड कटिंग के कार्य में कटर मशीन का उपयोग कराएं। रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण करवाएं।
- प्रत्येक घर के लिए सीवर कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें।
- उपचारित जल का पुनर्उपयोग सुनिश्चित करने की कार्य योजना बनवाएं।
- नर्मदा किनारे के सीवर प्रोजेक्ट के कार्यों पर विशेष ध्यान दें।

### सड़कों का सुधार प्राथमिकता से हो

सीएम चौहान ने कहा कि शहर की सड़कें हमको ठीक चाहिए,। कई बार शहरों में बड़े- बड़े काम चलते रहते हैं लेकिन सड़कें काटकर छोड़ देती हैं। मैं निर्देशित कर रहा हूँ कि सारी सड़कें, इंटरनल सड़कें ठीक करनी हैं। फंड की समस्या न बने। सतना कलेक्टर से कहा कि सतना की सड़कें चकाचक करो। रीवा कलेक्टर से कहा कि डीएमएफ से पैसा ले लें। उज्जैन कलेक्टर से पूछा महाकाल प्रोजेक्ट पर ठीक काम चल रहा है? सभी शहर सड़कों के मामले में बेहतर हों।

## ओमिक्रॉन की पहचान में फंड बना रोड़ा?

# 5 जीनोम सीक्वेंसिंग लैब फंडिंग न होने से बंद, सीक्वेंसिंग 40% घटी

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** देश में कोरोना संक्रमण बेतहाशा बढ़ रहा है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले भी लगातार मिल रहे हैं, लेकिन इस बीच देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट का पता लगाने के लिए जरूरी जीनोम सीक्वेंसिंग को लेकर चौकाने वाली खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्शियम की 38 लैब में से 5 लैब बंद हो गई हैं। इससे पिछले महीने की तुलना में इस महीने जीनोम सीक्वेंसिंग में करीब 40% की गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि इन लैब के पास जीनोम सीक्वेंसिंग में काम आने वाले रीएजेंट की कमी हो गई है। यह समस्या पर्याप्त फंड न मिलने के कारण हो रही है।

### ओमिक्रॉन आने के बाद केवल 25,000 जीनोम सीक्वेंसिंग

देश में ओमिक्रॉन लहर आने के बाद से केवल 25,000 जीनोम को ही सीक्वेंस किया गया है। फिलहाल एक्सपर्ट्स इस नए वैरिएंट को ही भारत में आई कोरोना की तीसरी लहर की प्रमुख वजह मान रहे हैं। इसका पहला केस दक्षिण अफ्रीका में 24 नवंबर को डिटेक्ट किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 26 नवंबर को एक वैरिएंट ऑफ कंसर्न घोषित कर दिया था।

### भारत में 8 महीने बाद एक दिन में आए 3 लाख से ज्यादा नए कोरोना केस

देश में बुधवार को 3.17 लाख नए केस मिले हैं। इस दौरान 2.23 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 491 लोगों की मौत हुई है। वहीं, पिछले दिन के मुकाबले नए संक्रमितों में 34,562 की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे पहले 18 जनवरी को 2.82 लाख लोग संक्रमित मिले थे। ऐसा 8 महीने बाद हुआ है कि भारत में नए संक्रमितों का आंकड़ा 3 लाख के पार पहुंचा है।

## कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में भी 40% महिलाओं को टिकट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने यूपी चुनाव के लिए गुरुवार को दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। इसमें भी 40 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। इस सूची में भी न्याय के लिए संघर्ष करने वालों को जगह मिली है। वाल्मीकि समाज के अधिकारों के लिए लड़ने वाले सिकंदर वाल्मीकि को कांग्रेस ने आगरा कैंट सीट पर प्रत्याशी बनाया है. सिकंदर वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज पर भाजपा सरकार के अत्याचार के खिलाफ लगातार संघर्ष किया. वे जल निगम में सरकारी कर्मचारी थे लेकिन अपने समाज के अधिकारों की लड़ाई के लिए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी।

## पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे अखिलेश सबसे सुरक्षित सीट करहल से टिकट



सपा चीफ अखिलेश यादव पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्हें मैनपुरी की करहल सीट से चुनाव में उतारा है। जिस सीट से अखिलेश चुनाव में उतर रहे हैं, वह सपा की सबसे सेफ सीट मानी जाती है। करहल में सपा को 29 साल से हार का मुंह नहीं देखना पड़ा। इससे पहले चर्चा थी कि अखिलेश यादव आजमगढ़ से चुनाव में उतर सकते हैं।

## सुराना में अब सब ठीक है...

# CM और गृहमंत्री के दखल के बाद सुधरे हालात, 'मकान बिकाऊ है' वाले पोस्टर हटे

**रतलाम, ब्यूरो।** हिंदू परिवारों द्वारा घर छोड़कर जाने की बात पर चर्चित हुए रतलाम जिले के सुराना गांव में अब सब ठीक बताया जा रहा है। गांव में अस्थाई पुलिस चौकी दिन में खोल दी गई, शाम होते-होते गांव के छह अतिक्रमण भी तोड़ दिए। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के सुराना गांव में मुस्लिम समुदाय पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर कुछ हिंदू परिवारों ने पलायन की धमकी दी थी। मामला सुर्खियों में आया तो मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी से बात की व दोनों अधिकारियों को 19 जनवरी को सुराना गांव भेजा। अधिकारियों ने दोनों समुदाय की पहले बैठक ली व इसके बाद समिति बनाते हुए गांव मे अस्थाई पुलिस चौकी दिन में खोल दी। किए गए हैं। इसके बाद लोगों ने अपने घरों से 'मकान बिकाऊ है' वाले पोस्टर भी हटा दिए।

## नकली मेडिसिन पर लगाम की तैयारी

# दवाओं पर लगेगा QR कोड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संक्रमण और बीमारी के इस दौर में नकली दवाओं के मामलों में इजाफा देखने को मिला है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से एक ठोस कदम उठाया गया है।



दरअसल, सरकार नें दवाओं को बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट्स यानी एपीआई पर अब क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया है, जिसकी मदद से अब कुछ ही सेकेंड्स में असली और नकली दवा की पहचान की जा सकेगी। अब ग्राहक आसानी से दवा पर मौजूद क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करके इसके बारे में पता लगा सकेंगे। इस नए फैसले के जरिए नकली दवाओं पर लगाम लागाई जा सकती है। इस क्यूआर कोड में दवा के बारे में पूरी जानकारी होगी। जैसे- सॉल्ट, बैंच नंबर या कीमत की जानकारी। मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करने पर आपको दवा की पूरी जानकारी मिल जाएगी। इस नियम को अगले वर्ष 1 जनवरी, 2023 से लागू किए जाने की बात कही जा रही है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। एपीआई में क्यूआर कोड लगाने के सरकार के फैसले के बाद अब असली और नकली दवाओं की पहचान आसानी से की जा सकेगी। इतना ही नहीं एपीआई में क्यूआर कोड से ये भी पता लग जाएगा कि कच्चा माल कहां से सप्लाई हुआ है?